पिंडी फूलों में छुप गयी दर्शन दे जा भोले नाथ

पिंडी फूलों में छुप गयी दर्शन दे जा भोलेनाथ,
दर्शन दे जा भोलेनाथ, दर्शन दे जा भोलेनाथ,
पिंडी फूलों में छुप गयी.....

काय मास देवी पूजे और काय मास भगवान,
काय मास भोले पूजे जाते पूर्ण हो जाए काम,
पिंडी फूलों में छुप गयी दर्शन दे जा भोलेनाथ....

चैत मास देवी पूजा बारह मास भगवान,
फागुन में भोले पूजे जाते पूर्ण हो जाएं काम,
पिंडी फूलों में छुप गयी दर्शन दे जा भोलेनाथ.....

काय से देवी पूजा और काय से भगवान,
काय से भोले पूजे जाते पूर्ण हो जाए काम,
पिंडी फूलों में छुप गयी दर्शन दे जा भोलेनाथ.....

लॉन्ग से देवी पूजे और फूलों से भगवान,
जल चढ़ाई भोले पूजे जाते पूर्ण हो जाएं काम,
पिंडी फूलों में छुप गयी दर्शन दे जा भोलेनाथ.....

काय चढ़े देवी पूजा काहे चढ़े भगवान,
काय चढ़े भोले पूजे जाते पूर्ण हो जाएं काम,
पिंडी फूलों में छुप गयी दर्शन दे जा भोलेनाथ.....

शेर चढ़े देवी पूजे गरुण चढ़े भगवान,
बैल चढ़े भोले पूजे जाते पूर्ण हो जाएं काम,
पिंडी फूलों में छुप गयी दर्शन दे जा भोलेनाथ.....

काहे भोग देवी लगे काहे भोग भगवान,
काहे भोग भोले लगे जाते पूर्ण हो जाएं काम,
पिंडी फूलों में छुप गयी दर्शन दे जा भोलेनाथ.....

नारियल भोग देवी लगे लड्डू भोग लगे भगवान,
भांग धतूरा भोले को जाते पूर्ण हो जाए काम,
पिंडी फूलों में छुप गयी दर्शन दे जा भोलेनाथ.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31927/title/pindi-phulon-me-chup-gayi-darshan-de-ja-bholenath

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |